संगठनों/एजेंसियों के साथ क्रियान्वित करने के लिए विभिन्न कार्य-कलापों को निर्दिष्ट किया है।

तेल शोधक कारखानों का स्थापित किया जाना

3663. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी आलिया :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने एक तेल शोधक कारखाने की स्थापना के लिए विदेशी सहयोग की मांग की है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है; और यह तेल शोधक कारखाना कहां स्थापित किये जाने की संभावना है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

तेल और प्राकृतिक गैस आयोग का पुनर्गठन

3664. **डा० जितेन्द्र कुमार जैन :**
श्री राम जेठमलानी :
श्री रामदास अग्रवाल :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 14 नवम्बर, 1991 के इकोनॉमिक टाइम्स में "ओ० एन० जी० सी० में बी रिस्ट्रक्चर्ड ऑन लाइन्स आफ वर्ल्ड फनडिंग बडीज" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि अनेक अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं ने तेल और प्राकृतिक गैस आयोग को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए उसके वर्तमान ढांचे में संरचनात्मक परिवर्तन लाने की शर्तें रखी हैं;

(ग) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में ब्योरा क्या है; और

(घ) उस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) जी, हां।

(ख) जी, नहीं।

(ग) और (घ) प्रश्न नहीं उठता।

Participation of private sector in oil production

3665. PROF. SAURIN BHATTACHARYA : Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state :

(a) whether Government have evolved some proposals and modalities for including private sector in the field of oil production, refining, and marketing oil and natural gas ;

(b) whether Government have also invited investors who would be willing to invest huge capital for the purpose ;

(c) whether Government have taken any measures for safe-guarding the operational activities of three nationalised companies ; and

(d) if so, the details thereof ?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANKARANAND) : (a) and (b) Government have invited bids from private sector investors for exploration of oil and natural gas. Private sector participation is considered in setting up oil refineries on a case to case basis. Besides, private participation already exists in the oil marketing activities.